**विश्व के धार्मिक नेताओं ने आधुनिक गुलामी को खत्म करने के घोषणापत्र पर दस्तखत किए**

- **गुलामी के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर विभिन्न आस्थाओं से जुड़े नेताओं ने यह कहते हुए एक संयुक्त घोषणापत्र पर दस्तखत किए हैं कि मानव तस्करी, जबरन श्रम व वेश्यावृत्ति, मानव अंगों की तस्करी और ऐसे हर संबंध के रूप में प्रचलित आधुनिक गुलामी दरअसल मानवता के खिलाफ एक अपराध है- जो सभी लोगों को समान मानने और सबके लिए समान आजादी व गरिमा होने के बुनियादी सिद्धांत का सम्मान न करता हो। यह बात सभी लोगों और सभी राष्ट्रों द्वारा स्वीकार की जानी चाहिए।**
- **यह साझी प्रतिबद्धता व्यक्त की गई कि सभी जगहों पर आधुनिक गुलामी को खत्म करने के लिए सभी धर्मों व सदभावना वाले लोगों द्वारा आध्यात्मिक व व्यावहारिक गतिविधियों को प्रेरित किया जाए।**

**वेटिकन सिटी, मंगलवार, 2 दिसंबर 2014** - आज, गुलामी के उन्मूलन के अंतरराष्ट्रीय दिवस के मौके पर, ग्लोबल फ्रीडम नेटवर्क (जीएफएन) ने सभी समुदायों- कैथोलिक, एंग्लीकन व परंपरावादी ईसाई, बौद्ध, हिंदू, यहूदी व मुसलिम आस्थाओं के नेताओं को एक मंच पर इस साझा मानवीय मकसद की घोषणा के लिए एकत्र किया कि मानवता के अपराध के रूप में जारी आधुनिक गुलामी को 2020 तक हमारी पूरी दूनिया से और हमेशा के लिए खत्म कर दिया जाए।

यहां एक समारोह में इन सभी नेताओं ने आधुनिक गुलामी के खिलाफ धार्मिक नेताओं के संयुक्त घोषणापत्र पर दस्तखत किए। दस्तखत करने वालों में थेः

- कैथोलिकः पॉप फ्रांसिस
- हिंदूः हर होलीनेस माता अमृतानंदमयी (अम्मा)
- बौद्धः जेन मास्टर थिच न्हाट हान (थे) (जिनका प्रतिनिधित्व पूज्य भिक्खुनी थिच नू चान खोंग ने किया)
- बौद्धः अत्यंत पूजनीय दातुक के श्री धम्मारतना नायका महा थेरो, मलेशिया के मुख्य उच्च प्रचारक
- यहूदीः रब्बी डॉ. अब्राहम स्कोर्का
- यहूदीः रब्बी डॉ. डेविड रोसेन
- परंपरावादी (ऑर्थोडॉक्स): हिज ऑल-होलीनेस इक्यूमेनिकल पैट्रियाक बार्थोलोम्यू (जिनका प्रतिनिधित्व हिज एमिनेंस मेट्रोपोलिटन इमेन्युल ऑफ फ्रांस ने किया)
- मुसलिमः मुहम्मद अहमद अल-तैयब, अल अजहर के मुख्य इमाम (जिनका प्रतिनिधित्व  अल अजहर अलशरीफ के विदेश उपसचिव अब्दल्ला सोलीमन ने किया)
- मुसलिमः अयातुल्ला मोहम्मद ताकी अल-मोदरसी
- मुसलिमः अयातुल्ला शेख बशीर हुसैन अल नजफी (जिनका प्रतिनिधित्व अयातुल्ला के विशेष सलाहकार शेख नजियाह रज्जाक जाफर ने किया)
- मुसलिमः शेख उमर अब्बूद

- एंग्लीकन: अत्यंत सम्माननीय कैंटरबरी के आर्कबिशप जस्टिन वेलबी

विभिन्न आस्थाओं से जुड़े कई नेताओं ने समारोह को संबोधित किया और इस घोषणापत्र और मकसद के समर्थन में हिज ऑल-होलीनेस इक्यूमेनिकल पैट्रियाक बार्थोलोम्यू और ग्रांड अयातुल्ला शेख बशीर हुसैन अल नजफी के भी वीडियो संदेश भी दिए गए हैं जो इस समारोह में तो शिरकत नहीं कर पाए लेकिन वे भी आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी के उन्मूलन के लिए उतने ही प्रतिबद्ध हैं।

समारोह के वीडियो: http://www.multivu.com/players/English/7391151-faith-leaders-eradicate-slavery/ और जीएफएन वेबसाइट: http://www.globalfreedomnetwork.org पर उपलब्ध है।

ग्लोबल फ्रीडम नेटवर्क के संस्थापक भागीदारों में से एक के रूप में वॉक फ्री फाउंडेशन के एंड्रयू फॉरेस्ट इस ऐतिहासिक अवसर पर मौजूद थे और उन्होंने अंतरराष्ट्रीय संगठनों और व्यावसायिक नेताओं से आधुनिक गुलामी के खिलाफ धार्मिक नेताओं की इस लड़ाई में शामिल होने का आह्वान किया।

इतिहास में पहली बार कैथोलिक, एंग्लीकन व परंपरावादी ईसाई, बौद्ध, हिंदू, यहूदी व मुसलिम धार्मिक नेता गुलामी के खिलाफ एक साझे मकसद को हासिल करने के लिए संयुक्त रूप से प्रतिबद्धता जाहिर कर रहे हैं।

**आधुनिक गुलामी के खिलाफ धार्मिक नेताओं का संयुक्त घोषणापत्र**

"हम, सभी हस्ताक्षरकर्ता, आज यहां वर्ष 2020 तक पूरी दुनिया से आधुनिक गुलामी को खत्म करने के लिए सभी धर्मों व सदभावना वाले लोगों द्वारा आध्यात्मिक व व्यावहारिक गतिविधियों को प्रेरित करने की एतिहासिक पहल के लिए एकत्र हुए हैं।

ईश्वर* की नजरों में हर इंसान एक आजाद व्यक्ति है, चाहे वो लड़की हो, लड़का, महिला या पुरुष, और वह बराबरी और भाईचारे के साथ सभी की बेहतरी के लिए अस्तित्व में रहने को नियत है। मानव तस्करी, जबरन श्रम व वेश्यावृत्ति, मानव अंगों की तस्करी और ऐसे हर संबंध के रूप में- जो सभी लोगों को समान मानने और सबके लिए समान आजादी व गरिमा होने के बुनियादी सिद्धांत का सम्मान न करता हो- चल रही आधुनिक गुलामी की प्रथा दरअसल मानवता के खिलाफ घोर अपराध है

हम आज यह शपथ लेते हैं कि अपने आस्था समुदायों के भीतर और बाहर, हमारी क्षमता में जो भी संभव है, हम मिलकर उन सब लोगों की आजादी के लिए काम करेंगे जो गुलाम हैं और जिनकी तस्करी की जाती है, ताकि हम उनका सुखद भविष्य फिर से सुनिश्चित कर सकें। आज हमारे पास इस मानवीय व नैतिक लक्ष्य को हासिल करने के लिए मौका, जागरूकता, समझदारी, नवोन्मेष और प्रौद्योगिकी उपलब्ध है।"

* अल अजहर के मुख्य इमाम ने "धर्मों" शब्द का इस्तेमाल किया

ज्यादा जानकारी के लिए कृपया देखें: http://www.globalfreedomnetwork.org

समारोह के व्यावसायिक फोटो व वीडियो बिना किसी शुल्क के जीएफएन वेबसाइट http://www.globalfreedomnetwork.org और http://www.multivu.com/players/English/7391151-faith-leaders-eradicate-slavery/ पर उपलब्ध हैं
कृपया हमारे सोशल मीडिया चैनलों: ट्विटर @gfn2020 (#EndSlavery) पर भी जाएं

**आधुनिक गुलामी के बारे में**

आधुनिक गुलामी निजी या वाणिज्यिक शोषण के इरादे से किसी व्यक्ति से उसकी आजादी को नियोजित रूप से छीन लेना और उसके शरीर का शोषण करना है, जैसे कि उदाहरण के तौर पर अंग-भंग करना या उसके शरीर से अंग निकाल लेना। जीएफएन के सदस्य सहयोगी वॉक फ्री फाउंडेशन द्वारा जारी 2014 के वैश्विक गुलामी सूचकांक के अनुसार लगभग 3.6 करोड़ लोग इस समय आधुनिक गुलामी के जाल में फंसे हुए हैं। ये वे लोग हैं जिनसे उनकी आजादी छीनी जा चुकी है और जिनका निजी या वाणिज्यिक लाभ के लिए शोषण किया जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन के अनुसार दुनियाभर में निजी अर्थव्यवस्थाओं में हर साल 150 अरब अमेरिकी डॉलर के बराबर मुनाफा जबरन श्रम के जरिये कमाया जा रहा है।

**वैश्विक फ्रीडम नेटवर्क**

ग्लोबल फ्रीडम नेटवर्क एक विश्वास-आधरित वैश्विक नेटवर्क है जिसकी परिकल्पना और मकसद हमारी पूरी दुनिया से हमेशा के लिए आधुनिक गुलामी और मानव तस्करी को समाप्त कर देना है। इसकी शुरुआत वेटिकन में 17 मार्च 2014 को हुई। ग्लोबल फ्रीडम नेटवर्क के गठन के सहमति पत्र और संयुक्त वक्तव्य पर दस्तखत करने वालों में कैसिना पीआईओ IV, लाम्बेथ पैलेस, अल अजहर मसजिद और वॉक फ्री फाउंडेशन के प्रतिनिधि शामिल थे।

ग्लोबल फ्रीडम नेटवर्क ने अपनी परिकल्पना को पूरा करने के लिए कार्य के छह क्षेत्र चुने हैं। इनमें  विश्वास आधारित समुदायों को सक्रिय करना, नैतिक खरीद समझौते हासिल करने के लिए आपूर्ति श्रंखला को सुदृढ़ करना, जबरन श्रम व वेश्वावृत्ति को समाप्त करना, पीड़ितों व आहतों की देखरेख में सुधार लाना, कानूनी सुधारों व प्रवर्तन की वकालत करना, शिक्षा व जागरूकता को बढ़ावा देना व सहूलियत प्रदान करना और इन सब कार्यों को पूरा करने के लिए यथेष्ट मात्रा में कोष जुटाना शामिल हैं।

**प्रेस संपर्क**
**सीएनसी- कम्युनिकेशन व नेटवर्क कंसल्टिंग**
मैक्स होहेनबर्ग
max.hohenberg@cnc-communications.com
+49 172 899 6264

मेरी वोन बिस्मार्क
marie.bismarck@cnc-communications.com
+ 49 172 853 2927